## कृषि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बीकानेर।** एसकेआरएयू के कृषि अनुसंधान केन्द्र, द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गोद लिए गए ग्राम – पेमासर में बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। पेमासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में डॉ. शीशपाल सिंह ने खेती संबंधित जानकारी प्रदान की। उन्होंने पौधों की जीवन–चर्या के साथ–साथ सूर्य रोशनी का महत्व व मृदा प्रबंधन के बारे में बताया। कार्यक्रम में कृषि मौसम पर्यवेक्षक दिनेश सिंह राजपुरोहित, शिवानी पालीवाल, किरण धायल व कनिका वर्मा ने सहयोग किया। विद्यालय की प्राधानाचार्य श्रीमती ललिता वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवविकसित कृषि तकनीक अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में गौतम पांडे, हरीष दीवान, हरिकिशन मेघवाल, सुभाष जाखड़, अब्दुल अजाज, दुर्गा सौलंकी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। वरिष्ठ अध्यापक प्रतीक्षा मोदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भारत की विभिन्न संस्कृतियों को जानने का अच्छा मौका: मांडवी

- पीएम श्री विद्यालय के बच्चों के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह शिक्षकों के माध्यम से भारत के अन्य राज्यों की संस्कृति, भाषा और रहन सहन,व्यापार इत्यादि के बारे मे यहां बैठकर भी अच्छे से जानकारी ले सकते है

**बीकानेर।** अन्य राज्य की गतिविधियो की जानकारी से बच्चो में भारत की विभिन्न संस्कृतियो को जानने का अच्छा मौका मिल सकता है । जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव और अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मांडवी राजवी ने आज पीएम श्री रा.सादुल उ.मा.वि., बीकानेर में एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधि के तहत युगम राज्य असम और राजस्थान की संस्कृति की गतिविधियो के समापन के अवसर पर बोलते हुए यह उदगार देते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय के बच्चो के लिए यह सुनहरा अवसर है कि वह शिक्षको के माध्यम से भारत के अन्य राज्यो की संस्कृति, भाषा और रहन सहन,व्यापार इत्यादि के बारे मे यहां बैठकर भी अच्छे से जानकारी ले सकते है ।

इस अवसर पर प्रा.शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के अतिरिक्त निदेशक राजकुमार शर्मा ने उपस्थित विद्याथिर्यो को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान और असम की सांस्कृतिक विरासत में बहुत समानता है तथा असम जैसे राज्य की अर्थ व्यवस्था के विकास मे भी राजस्थान राज्य की बहुत बडी भूमिका है ,उन्होंने कहा कि अच्छा विषय है कि यहां के विद्यार्थी असम राज्य की गतिविधियों को जान रहे है शर्मा ने आगे कहा कि आज आवश्यकता है कि बच्चे शिक्षण के साथ इस प्रकार की गतिविधियो में हिस्सा लेकर अन्य राज्य के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी हासिल कर सकते है ।

प्रधानाचार्य सुशीला जयपाल ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की विभिन्न गतिविधियो के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षण एवं विभिन्न गतिविधियो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधि की प्रभारी एवं उपप्रधानाचार्य कीर्ति बंसल ने इस कार्यक्रम के तहत वर्ष प्रयत्न संचालित विभिन्न गतिविधियो की जानकारी देते हुए बताया कि असम राज्य की गतिविधियो मे विद्यालय के बच्चो ने रूचि के साथ हिस्सा लेकर सम्पूर्ण जानकारी के साथ अपनी भागीदारी पेश की । वरिष्ठ अध्यापक सुभाष जोशी ने बताया कि पीएम श्री विद्यालय होने से विद्यालय परिसर में नवनिर्मित संविधान कक्ष का लोकार्पण कर प्रधानाचार्य को संविधान की मुद्रीत प्रति भअतिथियो द्वारा भेंट की गई जोशी ने बताया कि संविधान कक्ष में बच्चो की जानकारी के लिए संविधान संबंधी विभिन्न जानकारिया उपलब्ध होगी जिससे विद्यालय के बच्चे समय समय पर कक्ष का भ्रमण कर संबंधित प्रभारी से जानकारी कर के अपनी जिज्ञासाओ को हल कर सकते है।

कार्यक्रम में गतिविधियो के श्रेष्ठ विद्याथिर्यो द्वारा असम और राजस्थान की गतिविधियो की प्रस्तुति भी दी गई तथा पुरस्कार भी प्रदान किये गये । आज के कार्यक्रम के सफल संचालन में जयप्रकाश राजपुरोहित, भंवरलाल कस्वां, विक्रम जोशी, महेन्द्र मोहता,हिमानी शर्मा, ममता पालीवाल,गणेश खत्री, पूनम कंवर, गिरिराज दाधिच, प्रताप सिंह शेखावत, राकेश कडवासरा ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई ।

## चिकित्सा शिक्षा का आयोजन

**बीकानेर।** जिला क्षय निवारण केंद्र की तरफ से सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के सभागर में आज सी एम ई सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन हुआ । सीएमई का शुभारम्भ डॉ. बी सी घिया, टीबी अस्पताल के डॉ. राजेंद्र सोगत, डॉ. मानक गुजरानी और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मोदी ने कियडॉ. राजेंद्र सोगत ने टीबी नोटिफिकेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दींडॉ सी एस मोदी ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी दी । डॉ मानक गुजरानी ने टीपीटी के बारे में बताया सभी संभवित टीबी मरिजो की सीबीनाट कारवानी अनिवर्या है । सभी टीबी मरीजो की डीबीटी के माध्यम से पोषण हेतु राशि उनके बैंक खाते में निक्षय से भेजि जाती हैर्डबूयू एच ओ सलाहकार डॉ. सुधांशु खत्री ने कहा कि टीबी मरीज़ों की पूरी जानकारी निक्षय पोर्टल पीआर इंद्राज होनी चाहिए'क्या अयोजॉन पर कॉलेज के सभी डॉ. उपस्थित हुए !टीबी क्लिनिक के प्रताप सिंह, डीपीसी विक्रम सिंह राजावत, पीएमडीटी समन्वयक रामधन पंवार, चोरूलाल, शाहबान, रमेश सिंह, राजेंद्र रामावत मौजूद थे।

## सार-समाचार

### देशनोक में श्रीराम नवमी पर विराट धर्मयात्रा आज

**देशनोक।** यहा श्री राम नवमी के पावन अवसर पर भक्ति और आस्था का संगम देखने को मिलेगा। 26 मार्च को सुबह 9 बजे भोलानाथ छात्रावास से विराट धमर्यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।यह धमर्यात्रा देशनोक के मुख्य मार्गों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान जगह–जगह भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ इसका स्वागत करेंगे। शोभायात्रा में भगवा ध्वज, आकर्षक झांकियां और भजन–कीर्तन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।आयोजकों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि धमर्यात्रा के दौरान किसी भी को असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती के साथ होगा। इस दौरान सभी लोग मिलकर भगवान श्रीराम की आराधना करेंगे और क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना करेंगे।

### मनोज रैण की स्मृति में स्वास्थ्य केंद्र को भेंट किए एयर कूलर

**बीकानेर।** स्व. मनोज रैण की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी दीपिका मनोज रैण एवं डॉ. सुचित्रा जनागल द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संख्या 3 के जनरल वार्ड के मरीजों की सुविधा हेतु दो बड़े एयर कूलर भेंट किए गए। इस पहल से अस्पताल में भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। इस अवसर पर संस्था प्रभारी योगेश साध, डॉ. सुचित्रा जनागल एवं ओमप्रकाश मेघवंशी द्वारा दीपिका मनोज रैण का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त चिकित्सालय परिवार ने उनका स्वागत एवं सम्मान किया।

### प्रोत्साहन शिविर 30 को

**बीकानेर।** राजस्थान वित्त निगम, चोपड़ा कटला रानी बाजार में 30 मार्च को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के उद्यमियों एवं युवाओं को विभिन्न औद्योगिक योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रबंधक (शाखा) शिविर में राजस्थान वित्त निगम द्वारा रीको लिमिटेड से भूमि क्रय हेतु ऋण, उद्योग, होटल–रेस्टोरेंट तथा सूचना प्रौद्योगिकी इकाइयों की स्थापना से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ब्याज अनुदान के बाद प्रभावी ब्याज दर 5.5 प्रतिशत वार्षिक के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, सरल योजना तथा निगम की गुड बोरोवर योजना के तहत स्थायी संपत्तियों एवं कार्यशील पूंजी के लिए आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया समझाई जाएगी।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना होगा

**बीकानेर।** जिले में 2 लाख 51 हजार 647 पेंशनर्स है, जिसमें से 1 लाख 80 हजार 363 वृद्धजन पेंशनर्स, 55 हजार 415 विधवा पेंशनर्स, 15 हजार 87 विशेष योग्यजन पेंशनर्स तथा 782 कृषक वृद्धजन पेंशनर्स लाभ ले रहे हैं। जिनमें से दो लाख 29 हजार 471 (91.19 प्रतिशत) द्वारा भौतिक सत्यापन करवा लिया गया है तथा 22 हजार 178 द्वारा भौतिक सत्यापन करवाया जाना शेष है।सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल डी पंवार ने बताया कि जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभाथिर्यों को भौतिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है। इसके लिए पेंशन धारक ई मित्र पर बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट इंप्रेशन के माध्यम से भौतिक सत्यापन करवा सकते हैं। बायोमेट्रिक से वंचित रहे पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन आइरिस स्कैन से भी करवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि एंड्राइड मोबाइल ऐप के माध्यम से भी फेस रिकॉग्निशन के आधार पर वार्षिक भौतिक सत्यापन किया जा सकता है। पंवार ने बताया कि किसी पेंशनर का वार्षिक भौतिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में यदि पेंशनर पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (विकास अधिकारी/ उपखण्ड अधिकारी) के सामने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होता है, तो पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी पोर्टल पर लॉगइन कर संबंधित पेंशनर का पीपीओ नंबर दर्ज करने पर उस पेंशनर के रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के आधार पर भौतिक सत्यापन कर सकते हैं।

# नवनिर्मित कैंसर सर्जरी भवन में कैंसर सर्जरी की अत्याधुनिक सुविधा शुरू

- सर्जिकल ऑनकॉलोजी विंग के अंतर्गत नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया

**बीकानेर।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के अधीन पीबीएम चिकित्सालय परिसर में बुधवार को पीबीएम अधीक्षक डॉ. बी.सी. घीया, आचार्य तुलसी क्षेत्रीय कैंसर चिकित्सा एवं अनुसंधान केंद्र की निदेशक डॉ. नीति शर्मा, सर्जिकल ऑनकॉलोजी विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप गुप्ता, भामाशाह ऐवन्त डागा, डॉ. राजेन्द्र बोथरा, डॉ. देवी सिंह तथा समस्त स्टाफ ने भवन का अवलोकन किया।

सर्जिकल ऑनकॉलोजी विंग के अंतर्गत नवनिर्मित मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने नवनिर्मित सर्जिकल ऑनकॉलोजी भवन निर्माण को लेकर भामाशाह डागा परिवार का हार्दिक आभार जताया, उन्होंने कहा कि परिवार द्वारा दान में दिए गए इस भवन में राज्य सरकार की ओर से अत्याधुनिक कैंसर सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे कैंसर मरीजों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप गुप्ता को प्रोत्साहित करते हुए कहा की मरीजों के उपचार को लेकर चिकित्सा उपकारणों एवं मानव संसाधनों की कमी नहीं आने देंगे।

उल्लेखनीय है की सुंदरलाल डागा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में स्व. भामाशाह सेठ सुंदरलाल डागा एवं स्व. मूलचंद डागा की स्मृति में निर्मित इस 46 बेडेड मल्टीस्टोरी अस्पताल 26,000 वर्ग फीट क्षेत्र में बनाया गया है। इसमें स्टिल्ट फ्लोर पर पार्किंग, प्रथम तल पर कैजुअल्टी, माइनर ओटी व ओपीडी ब्लॉक, द्वितीय तल पर मेल–फीमेल पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड तथा तृतीय तल पर दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू शामिल हैं।

डॉ. बी.सी. घीया ने भामाशाह ऐवन्त डागा और डागा परिवार का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भामाशाहो और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से अब कैंसर मरीजों को एक ही छत के नीचे सर्जरी संबंधित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

डॉ. संदीप गुप्ता ने बताया कि नई मॉड्यूलर ओटी और आईसीयू सुविधा से कैंसर की जटिल एवं अत्याधुनिक सर्जरियां आसानी से की जा सकेंगी। डॉ. नीति शर्मा ने इसे क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब मरीजों को अत्याधुनिक उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिल पाएगा। इस नई सुविधा के शुरू होने से बीकानेर और आसपास के क्षेत्र के कैंसर रोगियों को बेहतर और तेज इलाज की उम्मीद जगी है।

## प्रशिक्षण सम्पन्न

**बीकानेर।** राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की अनुसूचित उपयोजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के 30 विद्याथिर्यों हेतु तीन दिवसीय कुक्कुट पालन उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने कहा कि मुर्गीपालन ऐसा व्यवसाय है जिसको अतिलघुस्तर से इण्डस्ट्री स्तर तक अपनाया जा सकता है। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने प्रशिक्षणाथिर्यों को अर्जित ज्ञान का कुक्कुट पालन में वैज्ञानिक तरीके से उपयोग कर सफल उद्यमिता हेतु प्रेरित किया। निदेशक प्रसार शिक्षा प्रो. राजेश कुमार धूड़िया ने बताया कि प्रसार शिक्षा निदेशालय के माध्यम से विद्याथिर्यों हेतु मुर्गीपालन उद्यमिता के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के 30 विद्यार्थी ने हिस्सा लिया। उन्होने बताया की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षाथिर्यों को पोल्ट्री फार्मिंग की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महत्व आदि की जानकारी दी ।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

- दावे और आपत्तियां प्रस्ततु करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल है
- अंतिम तिथि से पूर्व मतदाता मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर निर्वाचक नामावली का निरीक्षण कर सकता है

**बीकानेर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में नगर निगम चुनाव–2026 के तहत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 24 मार्च को किया गया। इसके संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बुधवार को निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, नगर निगम बीकानेर पश्चिम रमेश देव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल, आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष संजय पाल आदि मौजूद रहे। उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनैनिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावली की सॉफ्ट कॉपी, मतदान केन्द्रों और प्रगणकों की सूची उपलब्ध करवाई। उन्होंने बताया कि दावे और आपत्तियां प्रस्ततु करने की अंतिम तिथि 7 अप्रैल है। अंतिम तिथि से पूर्व मतदाता मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर निर्वाचक नामावली का निरीक्षण कर सकता है।

प्रारूप प्रकाशन के समय वंचित मतदाता अंतिम तिथि से पूर्व अपना नाम पंजीयन करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। सभी प्रगणक, विशेष अभियान की तिथि 29 मार्च और 5 अप्रैल, रविवार को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक तथा शेष अवधि में दोपहर 2 बजे पश्चात् शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्रों पर उपस्थित होकर दावे–आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को किया जाएगा। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दावे और आक्षेप देने के लिए फार्म 3, 5 और 6 की जानकारी दी। सभी प्रतिनिधियों को अपने–अपने दलों के कार्यकर्ताओं को संबंधित प्रगणक को सहयोग देने की अपील की।

## मां भादरिया राय के मंदिर में रात्रि जागरण

**अरजनसर।** कस्बे के नजदीकी चक भवानीनगर स्थित नवनिर्मित मां भादरिया राय के विशाल मंदिर में रात्रि को भव्य जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरी रात भक्ति रस में सराबोर होकर भजनों का आनंद लिया। मंदिर परिसर को रंग–बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जैसे ही भजनों की प्रस्तुति शुरू हुई, श्रद्धालु झूम उठे और देर रात तक भक्ति में लीन रहे। कमेटी सदस्य बलवंत मूंड ने बताया कि इस जागरण में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरी रात चले इस धार्मिक आयोजन में लोगों ने भजनों का रसास्वादन किया और मां भादरिया राय के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

# बाल कवि सम्मेलन में किशोरों ने देशभक्ति कविताएं प्रस्तुत की

- अतिथियों ने 5 से 15 वर्ष तक की आयु के नन्हें मुन्ने और किशोर काव्य पाठियों की सराहना की

**श्रीडूगरगढ़।** 25 मार्च सेवा कुंज छात्रवास में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् के बैनर तले बाल कवि सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। दो दर्जन किशोरों ने देशभक्ति और संस्कृति के गौरव गान की कविताएं प्रस्तुत की। अतिथियों ने 5 से 15 वर्ष तक की आयु के नन्हें मुन्ने और किशोर काव्य पाठियों की सराहना की। बाल कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बाल कविताओं के रचियता साहित्यकार शिवराज भारतीय शामिल हुए। शिवराज ने बाल्यावस्था से ही बच्चों में पुस्तकें पढ़ने की आदत डालने और बालकों को साहित्य से जोड़ने की प्रेरणा दी। आयोजन साहित्यकार मदन सैनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सैनी ने बालक बालिकाओं से विद्या को आचरण में उतारने व शिक्षा के साथ कुशल व्यवहारिकता सिखने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी मधु झाबक ने कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान होते है और किताबें उन्हें संस्कार देती है। बच्चों में पढ़ने की आदत डालने के प्रयास जरूर किए जाने चाहिए। संघ सेवक आशाराम पारीक भी मंच पर मौजूद रहें। परिषद की इकाई अध्यक्ष भगवती पारीक ने सभी का स्वागत किया और मंत्री छैलूदान चारण ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता राजू शर्मा ने किया।प्रतिभागियों का किया सम्मान, विजेताओं को किया पुरस्कृत।

बाल कवि सम्मेलन में विभिन्न स्कूलों से दो दर्जन किशोरों ने प्रस्तुतियां दी। सम्मेलन में निर्णायक के रूप में श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स की संपादक कपिला स्वामी, डॉ मनीष सैनी, सीमा भोजक शामिल रही। सभी प्रतिभागियों को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाल कवि सम्मेलन में युवाओं पर मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए स्वरचित कविता प्रस्तुत करने वाली निकुंज सारस्वत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर कमल प्रजापत मोमासर व तृतीय स्थान पर वंदना सेवग ने प्राप्त किया। सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा भादानी, मंजुला जैन, जेपीएस निदेशक कुंभाराम घिंटाला, संस्कार इनोवेटिव स्कूल के निदेशक मनोज गुसाईं, लर्न एंड फन की संचालक विनीता सारस्वत, शशिदेव शर्मा, लक्ष्मीनारायण भादू, पवन गोयतान, अनिल सोनी, नंदकिशोर पारीक, मनमोहन भारतीय सहित विभिन्न स्कूलों के स्टाफगण, सेवा धाम व सेवा कुंज के बालक बालिकाएं व अनेक मौजिज लोग शामिल रहें। सभी ने बाल कवियों की प्रस्तुतियां सुनी और बाल प्रतिभाओं को मंच दिए जाने के लिए आयोजन की सराहना की।

## आंतरिक सुरक्षा समिति की बैठक 1 अप्रैल को

**बीकानेर।** जिला कलक्टर और जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में आंतरिक सुरक्षा समिति की बैठक 1 अप्रैल को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव ने दी।

प्रपत्र संख्या - 7 (देखिये नियम 21)
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग खण्ड हनुमानगढ़।**
समस्त संबंधित व्यक्तियों को दि.: 17.3.2026
मु.नं.:- देव/हनु./ट्रस्ट/2026/206

चूँकि प्रार्थी श्री नरेश बांठिया, आर.वाई. 32, रिद्धि सिद्धि इन्क्लेव प्रथम श्रीगंगानगर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री जैन सभा, नजदीक पुरानी सब्जी मंडी, श्रीगंगानगर के संबंध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन–पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियाँ यदि कोई हो, प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निविर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 17/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय की मोहर से अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 20/05/2026

मुद्रा
– ओम प्रकाश,
सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, हनुमानगढ़

# खजूर के विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर कृषि वैज्ञानिकों व किसानों के बीच हुआ गहन मंथन

- खजूर उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन व विपणन पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार सम्पन्न

**बीकानेर।** उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजनान्तर्गत स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास निदेशालय सभागार में खजूर उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन व विपणन के अवसर एवं संभावनाएं विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह सेमिनार उद्यान विभाग, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय तथा केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

दो दिवसीय सेमिनार के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत, विशिष्ट अतिथि निदेशक डीएचआरडी, डॉ एच एल देशवाल तथा विशेष अतिथि सीआईएएच खजूर विशेषज्ञ डॉ. रामकेश मीणा व कीट वैज्ञानिक एसकेआरएयू डॉ बीडीएस नाथावत अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अनुसंधान निदेशक डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि जिले में खजूर क्षेत्र विस्तार की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बीकानेर को खजूर हब के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। निदेशक डीएचआरडी डॉ एच एल देशवाल ने खजूर क्षेत्र विस्तार की सम्भावनाओं पर प्रकाश डाला। कीट वैज्ञानिक एसकेआरएयू डॉ बीडीएस नाथावत ने खजूर में लगने वाली कीट व्याधियों के नियंत्रण उपाय के बारे में विस्तार से बताया।

सीआईएएच खजूर विशेषज्ञ डॉ. रामकेश मीणा ने खजूर उत्पादन, विभिन्न किस्मों के साथ ही खजूर पैकेज आफ प्रेक्टिस के बारे में विस्तार से बताया।

सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि खजूर क्षेत्र विस्तार की सम्भावनाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत खजूर फल बगीचा स्थापना पर किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान उद्यान विभाग द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा है। सेमिनार में दो दिवस में आयोजित 10 तकनीकी सत्रों में काफी बड़ी संख्या में युवा प्रगतिशील नवाचारी उद्यान किसानों ने भाग लिया व विस्तृत चर्चा की। सभी प्रतिभागी किसानों को अतिथियों द्वारा सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

उद्यान विभाग से कृषि अधिकारी जोधराज कालीरावणा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उद्यान विभागीय अधिकारी सेमिनार संयोजक रमेश भाम्भू, लक्ष्मण सिंह शेखावत, अनिरूद्ध, पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मपाल, बनवारीलाल सैनी, करणीदान इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने किया।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- नियमन/ 2026/ 5200 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.03.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गौरव बंसल पुत्र श्री विनोद कुमार निवासी म.न. 117 बी जाखड़ कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 39/41 के किला नं. 06 में माप 25 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या बी-107 लक्ष्मी नगर, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 506 दिनांक 29.11.2012 को श्री महबूब चौपदार पुत्र श्री हबीब चौपदार के नाम से जारी है। | श्री गौरव बंसल द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 03.02.2026 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री गौरव बंसल पुत्र श्री विनोद कुमार निवासी म.न. 117 बी जाखड़ कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/1338 – सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


